# UNIVERSITY NEWS 18 OCTOBER 2025

## DAINIK JAGRAN

### आनलाइन कोर्सों के विद्यार्थी भी ले सकते हैं सुविधाओं का लाभ

जासं • लखनऊ : आनलाइन पाठ्यक्रम सत्र 2025-26 में प्रवेश को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर आने की कोई अनिवार्यता नहीं है, लेकिन वे कभी भी यहां आ सकते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों, पुस्तकालय और अन्य गतिविधियों का लाभ ले सकते हैं। यह जानकारी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना ने शुक्रवार को आयोजित आनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम में विद्यार्थियों को दी।

आनलाइन मोड पर हुए कार्यक्रम का उद्घाटन लवि सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने किया। उप कुलसचिव शशी प्रभा ने नए छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। कामर्स संकाय की अधिष्ठाता प्रो. अर्चना सिंह, आर्ट्स संकाय के डीन प्रो. अरविंद मोहन एवं प्रबंधन संकाय की अधिष्ठाता प्रो. संगीता साहू भी उपस्थित रहीं। प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने छात्रों को आनलाइन शिक्षा के सिस्टम की विस्तृत जानकारी देकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति में क्रेडिट ट्रांसफर की व्यवस्था से अवगत कराया। प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें कई छात्रों ने अपने प्रश्न पूछे। प्रोफेसर भार्गव ने बताया कि सभी नए छात्रों का विवरण एवं एकेडमिक कैलेंडर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

## TOI

### Now, fill LU 1st sem exam via Samarth portal

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow**: Moving a step forward towards digital integration in academic administration, Lucknow University has announced that examination forms for first-semester students will be filled through the Samarth Portal.

"The technical team has worked efficiently on the Samarth Portal, and the University will ensure that the first-semester examination forms are successfully filled through this platform. This initiative reflects the university's commitment to adopting technology-driven solutions that make academic processes more efficient, transparent, and student-friendly," said vice-chancellor Alka Khanna while briefing media persons at Manthan Hall on Friday.

"Our goal is to maintain the academic calendar without disruption. The portal will not only simplify form submission but also strengthen coordination across departments," she added.

## HINDUSTAN

### विद्यार्थियों ने किया एलयू का वर्चुअल टूर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी नए छात्रों का विवरण व एकेडमिक कैलेंडर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। एक वीडियो के जरिए छात्रों को विवि की वर्चुअल यात्रा कराई गई। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने ऑनलाइन कार्यक्रम की उपयोगिता बताते हुए छात्रों का स्वागत किया।

### एलयू के श्याम को मॉडलिंग में तीसरा स्थान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के छात्र श्याम नारायण गुप्ता ने अल्टेयर वायरलेस प्रोपेगेशन मॉडलिंग कॉन्टेस्ट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्याम बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्र हैं। एकेटीयू, आईईईई यूपी सेक्शन और अल्टेयर इंडिया की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

### एलयू ने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दिया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग ने पारंपरिक शिक्षा को डिजिटल सीमाओं से जोड़ने के लिए स्वयं मूक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कैपन बहल सभागार में जूलॉजी विभाग की स्वयं मेंटर डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि स्वयं जैसे प्लेटफॉर्म को हमारे शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल करना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है।

## AMAR UJALA

### श्याम नारायण ने बढ़ाया लविवि का गौरव

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के बीटेक तीसरे वर्ष के छात्र श्याम नारायण गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने अल्टेयर वायरलेस प्रोपेगेशन मॉडलिंग प्रतियोगिता में देशभर के 350 प्रतिभागियों में तीसरा स्थान हासिल किया।

यह प्रतियोगिता डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और अल्टेयर इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में हुई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वायरलेस संचार और रडार तकनीक से जुड़ी औद्योगिक चुनौतियों को हल करने के लिए प्रोत्साहित करना था। संकाय डीन प्रो. एके सिंह और विभाग समन्वयक डॉ. सिद्धार्थ सिंह ने श्याम की उपलब्धि को अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। (माई सिटी रिपोर्टर)

### ऑनलाइन शिक्षा की नई संभावनाएं समझीं

लखनऊ। शिक्षा को डिजिटल तौर पर सशक्त बनाने की दिशा में लखनऊ विवि ने सराहनीय कदम उठाया है। जूलॉजी विभाग में शुक्रवार को 'स्वयं' जागरूकता अभियान केएन बहल ऑडिटोरियम में हुआ। छात्रों को सरकार के ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म-स्वयं (स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स) से जोड़ने की पहल की गई। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना की मौजूदगी में विवि की समन्वयक डॉ. किरण लता डंगवाल और मेंटर डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि 'स्वयं' जैसे प्लेटफॉर्म अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)